Govt.of MadhyaPradesh

मध्य प्रदेश शासन

Office of the Field Director

Panna Tiger Reserve

Panna, Madhya Pradesh, (India)

Phone No. +917732-252135 (O) Fax, +917732-252120

E-mail: dirpannaNP@mpforest.org Website: www.pannatigerreserve.in

Panna Tiger Reserve

पन्ना टाईगर रिजर्व

प्रेस नोट

पन्ना टाइगर रिजर्व में एक वयस्क तेंदुए की स्वभाविक मृत्य

कल दिनांक 10.10.2013 को पन्ना टाइगर रिजर्व के अमले के द्वारा कि गई गश्ती के दौरान हिनौता परिक्षेत्र के वीट दक्षिण हिनौता में लगभग 03 दिन पहले मृत हुए एक तेंदुए को देखा गया। सूचना मिलने पर क्षेत्र संचालक, उप संचालक एवं वन्य प्राणी चिकित्सक अन्य अमले के साथ मौके पर पहुंचे। वन्यप्राणी चिकित्सक द्वारा मौके पर किये गये पोस्ट मार्टम में यह स्पष्ट हुआ कि तेंदुए की गर्दन वाली रीढ़ की हड्डी टूटी पाई गई एवं उसके शरीर के कई स्थानों पर बड़े हिंसक प्राणी के दांत भी गढ़े मिले। इसी इलाके में बाघिन टी–2 व बाघ पी–111 विचरण करते है। संभवतः इन्ही 2 बाघों से टकराव के फलस्वरुप प्राथमिक रुप से मृत्यु होना पाया गया है। मृत तेंदुए के मूछ के वाल, केनाइन दॉत एवं नखून मौके पर ही पाये गये। पोस्ट मार्टम के उपरान्त मृत तेंदुए का दाह संस्कार किया गया।

''जय हिन्द''

दिनांक – 11.10.2013

क्षेत्र संचालक
पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना